**"जल जीवन मिशन" हर घर जल कार्यक्रम के अन्तर्गत विरचित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन पर विचार विमर्श करने हेतु दिनांक 28.09.2022 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की बैठक का कार्यवृत्त :–**

जल जीवन मिशन 'हर घर जल' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों की पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु विरचित विस्तृत प्राक्कलन की स्वीकृति/संस्तुति पर निर्णय लेने हेतु पत्रांक 735/डब्लू–30/813 दिनांक 27.09.2022 द्वारा दिनांक 28.09.2022 को दोपहर 12:00 बजे जिलाधिकारी/ अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की अध्यक्षता मे सम्पन्न बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है:–

1. श्रीमती रिया केजरीवाल, मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
2. श्री राजेश सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।
3. श्री विनोद कुमार, सहायक अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. श्री विवेक सिंह, सहायक अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. श्री अमित कुमार, सहायक अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
6. श्री धनन्जय तिवारी, सहायक अभियन्ता, लखनऊ खण्ड–2 शारदा नहर, लखनऊ।
7. श्री अजय कुमार गौतम, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, लखनऊ।
8. श्री डा0 राम सागर गुप्ता, ए0डी0ए0ओ0, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।
9. श्री प्रवीण ठाकरे, मेसर्स सेन्सेस टेक लि0, लखनऊ।
10. श्री वी वी सुब्बा राजू, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
11. श्री राजेश उपाध्याय, नेशनल इंस्टीटयूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज एण्ड एक्शन सत्या, जयपुर।
12. श्री संतोष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष, नवदुर्गा सेवा संस्थान, लखनऊ।
13. श्री हरि ओम पाल, एस0पी0 ग्राम्य विकास एवं ग्रामोद्योग, लखनऊ।
14. श्री राहुल द्विवेदी, हिन्दू मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, लखनऊ।
15. श्री पुनीत साहू, पी0एस0 सेवा समिति, लखनऊ।
16. श्री शशांक शेखर रथ, जी0आई0एस0 एक्सपर्ट मेसर्स आर0वी0 एसोसिएटस, लखनऊ।
17. श्रीमती अंकिता पटेल, फाइनेन्स मैनेजर, मेसर्स आर0वी0 एसोसिएटस, लखनऊ।
18. श्री सुमित भटनागर, कॉर्डीनेटर सी0बी0टी0, मेसर्स आर0वी0 एसोसिएटस, लखनऊ।
19. श्री पवन कुमार कुशवाहा, एम0आई0एस0 कॉर्डिनेटर, मेसर्स आर0वी0 एसोसिएटस, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को उनकी मूलभूत आवश्यकताओ के अनुरूप समुचित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उददेश्य से **'जल जीवन मिशन' हर घर जल** कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्रामीण हेतु नियमित रूप से गुणवत्ता युक्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। तदक्रम में नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/ 2010 टीसी–अ, दिनांक 21.01.2020 द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन का गठन करते हुये पेयजल योजना के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

उक्त के क्रम में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु पेयजल योजना के निर्माण हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के पत्रांक 2143/डब्लू–22/एन0आई0टी0/2020– 21 दिनांक 13.01.2021 द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद को कार्यदायी फर्म के रूप में सूचीबद्ध किये जाने के क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 575/ल0स0/जल जीवन मिशन/ग्रा0वार सूची/2020–21 दिनांक 30.01.2021 द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराते हुए पेयजल योजना के निर्माण हेतु विस्तृत प्राक्कलन (डी0पी0आर0) प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। वर्तमान तक पेयजल के निर्माण हेतु 467 ग्राम पंचायतों में

निःशुल्क भूमि कार्यदायी फर्म मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद को उपलब्ध करा दी गयी है। तदक्रम में कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 हैदराबाद द्वारा सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुए जनपद लखनऊ में चयनित 468 ग्राम पंचायतों/672 राजस्व ग्राम के सापेक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में संस्तुति के उपरान्त वर्तमान तक कुल 291 विस्तृत प्राक्कलन (डी0पी0आर0) को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष 258 विस्तृत प्राक्कलन (डी0पी0आर0) की स्वीकृति प्राप्त हो गयी। स्वीकृत 258 विस्तृत प्राक्कलन के सापेक्ष वर्तमान तक 254 का त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन के उपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा 234 विस्तृत प्राक्कलन का कवर एग्रीमेन्ट गठित किया गया है। कार्यदायी फर्म मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद वर्तमान तक 150 योजना पर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु कार्यदायी फर्म मे0 एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद द्वारा प्रस्तुत एवं परीक्षणोपरान्त ठीक पाये गये 50 नग विस्तृत प्राक्कलन, जिससे 81 ग्राम पंचायत/112 राजस्व ग्राम/261 मजरे पाइप पेयजल योजना से आच्छादित होगें, समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

प्रमुख सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 36/2021/1599/छिहत्तर-1-2021-25 सम/2019, दिनांक 08.07.2021 एवं संशोधित शासनादेश सं0 7/2022/430/छिहत्तर-1-2022-25 सम/2019, दिनांक 04.03.2022 में निर्गत निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रो मे पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु 05 करोड़ की लागत तक के निम्न विस्तृत प्राक्कलनो की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया-

| Sl No | Block | Name of Scheme (GP) | Total No. of GP | Total No. of Rev. Vill. | Total No. of Habi tns. | FHTC (2022) | Work Cost included contigency & GST (Rs. In Lakh) | Centag e (Rs. In Lakh) | Estimat ed Cost (Rs. In Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Bakshi ka Talab | Rampur Behra | 1 | 1 | 2 | 444 | 221.72 | 23.49 | 245.21 |
| 2 | Bakshi ka Talab | Barakhempur | 1 | 1 | 3 | 406 | 201.310 | 21.330 | 222.64 |
| 3 | Bakshi ka Talab | Tikaari & Digoi | 2 | 2 | 2 | 479 | 296.25 | 31.38 | 327.63 |
| 4 | Bakshi Ka Talab | Sahadat Nagar | 1 | 2 | 3 | 326 | 205.30 | 21.78 | 227.08 |
| 5 | Bakshi Ka Talab | Lodhauli | 1 | 2 | 2 | 386 | 242.65 | 25.70 | 268.35 |
| 6 | Bakshi Ka Talab | chandanapur | 1 | 1 | 3 | 397 | 196.80 | 20.85 | 217.65 |
| 7 | Bakshi Ka Talab | Unai | 1 | 2 | 3 | 348 | 211.79 | 22.44 | 234.23 |
| 8 | Bakshi Ka Talab | Mndauli | 1 | 2 | 4 | 407 | 233.73 | 24.76 | 258.49 |
| 9 | Bakshi Ka Talab | Raipur Raja | 1 | 2 | 3 | 405 | 201.11 | 21.30 | 222.41 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Chinhat | Farrukhabad | 1 | 2 | 2 | 300 | 194.17 | 20.57 | 214.74 |
| 11 | Chinhat | Devariya | 1 | 1 | 4 | 715 | 274.22 | 29.05 | 303.27 |
| 12 | Chinhat | Mehora & Sikanerpur Khurd | 2 | 2 | 6 | 576 | 341.30 | 36.16 | 377.46 |
| 13 | Chinhat | Kondri Bholiand & sairpur | 2 | 4 | 4 | 752 | 351.28 | 37.21 | 388.49 |
| 14 | Gosaiganj | Bhaura Khurd | 1 | 2 | 6 | 485 | 251.99 | 26.69 | 278.68 |
| 15 | Mal | Patauna | 1 | 1 | 3 | 526 | 243.57 | 25.80 | 269.37 |
| 16 | Mal | Saibasi | 1 | 1 | 1 | 350 | 173.12 | 18.34 | 191.46 |
| 17 | Mal | Chandwara & Aunt | 2 | 2 | 4 | 571 | 253.53 | 26.86 | 280.39 |
| 18 | Mal | Birpur | 1 | 1 | 5 | 486 | 242.66 | 25.71 | 268.37 |
| 19 | Mal | Sarthara | 1 | 1 | 3 | 458 | 227.45 | 24.09 | 251.54 |
| 20 | Mal | Raipur | 1 | 1 | 2 | 363 | 180.15 | 19.08 | 199.23 |
| 21 | Mal | Kamalpur Lodhaura & Tikari Kala | 2 | 3 | 7 | 706 | 365.03 | 38.67 | 403.70 |
| 22 | Malihabad | Amlauli | 1 | 2 | 2 | 374 | 206.96 | 21.92 | 228.88 |
| 23 | Malihabad | Tilsua & Purva | 2 | 2 | 3 | 643 | 285.10 | 30.20 | 315.30 |
| 24 | Malihabad | Mahdoiya | 1 | 2 | 4 | 436 | 238.60 | 25.28 | 263.88 |
| 25 | Mohanlalg anj | Dedhari & Bramhdaspur & Rampur Garhi | 3 | 3 | 6 | 979 | 464.88 | 49.25 | 514.13 |
| 26 | Mohanlalg anj | Amba Muratajapur & Karorwa | 2 | 2 | 4 | 648 | 308.48 | 32.68 | 341.16 |
| 27 | Mohanlalg anj | Miranpur & Barbaliya | 2 | 2 | 6 | 659 | 325.46 | 34.48 | 359.94 |
| 28 | Mohanlalg anj | Rati & Akbarpur Beniganj | 2 | 2 | 4 | 842 | 362.92 | 38.45 | 401.37 |
| 29 | Mohanlalg anj | Salempur Achaka | 1 | 2 | 3 | 339 | 192.43 | 20.38 | 212.81 |
| 30 | Mohanlalg anj | Achalikhera & Jamalapur | 2 | 2 | 4 | 747 | 355.08 | 37.61 | 392.69 |
| 31 | Sarojni Nagar | Andpurdev & piparsand | 2 | 2 | 8 | 11274 | 490.62 | 51.97 | 542.59 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | Sarojni Nagar | Bhokapur & Latif Ngar | 2 | 2 | 4 | 852 | 393.42 | 41.68 | 435.10 |
| 33 | Sarojni Nagar | Garhi Chunoti | 1 | 1 | 5 | 756 | 277.45 | 29.39 | 306.84 |
| | | | **47** | **60** | **125** | **18288** | **9010.53** | **954.55** | **9965.08** |

उपरोक्त के अतिरिक्त उक्त शासनादेश में निर्गत निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रो मे पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु 05 करोड़ से अधिक लागत के निम्न 15 नग विस्तृत प्राक्कलनो की स्वीकृति हेतु संस्तुति प्रदान करते हुए राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया–

| Sl No | Block | Name of Scheme (GP) | Total No. of GP | Total No. of Rev. Vill. | Total No. of Habitns. | FHTC (2022) | Work Cost included contigency & GST (Rs. In Lakh) | Centage (Rs. In Lakh) | Estimated Cost (Rs. In Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **10** | **11** | **12** |
| 1 | Bakshi ka Talab | Paikaramau | 1 | 1 | 6 | 1195 | 597.34 | 63.28 | 660.62 |
| 2 | Gosaiganj | Sadarpur Karaura & Kazee Khera & Sekhanapur | 3 | 4 | 11 | 1484 | 733.86 | 77.74 | 811.60 |
| 3 | Malihabad | Bakhtiyar nagar & barhi gahi | 2 | 4 | 6 | 1019 | 537.87 | 56.98 | 594.85 |
| 4 | Malihabad | khar kuwa | 1 | 2 | 7 | 1320 | 645.11 | 68.34 | 713.45 |
| 5 | Malihabad | Surgaula & Bhatoiya & Ishapur | 3 | 7 | 8 | 1227 | 761.90 | 80.71 | 842.61 |
| 6 | Malihabad | Jamolia | 1 | 1 | 8 | 1020 | 506.70 | 53.68 | 560.38 |
| 7 | Malihabad | Gaunda Muajjam Nagar | 1 | 1 | 7 | 1327 | 661.22 | 70.04 | 731.26 |
| 8 | Mohanlalganj | Bhadeshwa & Dhanuwa Sand | 2 | 2 | 11 | 1093 | 574.49 | 60.86 | 635.35 |
| 9 | Mohanlalganj | Khujehra & Ram bhan khera | 2 | 5 | 9 | 1263 | 593.33 | 62.85 | 656.18 |
| 10 | Mohanlalganj | Bairisal Pur & Sherpur Lawal | 2 | 2 | 5 | 1050 | 536.02 | 56.78 | 592.80 |
| 11 | Mohanlalganj | Sulsa mau & Kodara Raypur | 2 | 3 | 14 | 1349 | 696.330 | 73.760 | 770.09 |
| 12 | Mohanlalganj | Hulas Khera & Dada Sikanderpur | 2 | 3 | 16 | 1597 | 688.29 | 72.91 | 761.20 |
| 13 | Mohanlalganj | Chhatauni, Kaneri & Hasanpur | 3 | 3 | 7 | 1249 | 547.88 | 58.040 | 605.92 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Mohanlalganj | Badhauna, Nadauli & Ramdaspur | 3 | 4 | 8 | 1063 | 522.17 | 55.31 | 577.48 |
| 15 | Sarojini Nagar | Khatola & Maqdoompur Kaithi | 2 | 4 | 5 | 955 | 523.35 | 55.44 | 578.79 |
| 16 | Sarojini Nagar | Saidpur Purhi & Sahijanpur | 2 | 4 | 5 | 1112 | 553.09 | 58.59 | 611.68 |
| 17 | Sarojini Nagar | Bhadoi & Behta | 2 | 2 | 3 | 1185 | 562.85 | 59.62 | 622.47 |
| | | | **34** | **52** | **136** | **20508** | **10241.8** | **1084.9** | **11326.7** |

सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा शासनादेश संख्या 16/2021/948/छिहत्तर–1–201–22 सम/2019 दिनांक 19.03.2021 एवं 36/2021/1599/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019 दिनांक 08.07.2021 एवं संशोधित शासनादेश सं0 7/2022/430/छिहत्तर–1–2022–25 सम/2019, दिनांक 04.03.2022 के अनुपालन मे जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उक्त विवरण के अनुसार 05 करोड़ की लागत तक के 33 विस्तृत प्राक्कलनो की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने एवं 05 करोड़ से अधिक लागत के 17 नग विस्तृत प्राक्कलनो की स्वीकृति हेतु संस्तुति प्रदान करते हुए राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा योजनान्तर्गत विस्तृत प्राक्कलन प्रस्तुत करने के अन्तिम तिथि की जानकारी लेने पर सहायक अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा विस्तृत *प्राक्कलन प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 30.09.2022 निर्धारित की गयी हैं। अवशेष विस्तृत प्राक्कलनों को दिनांक 30.* 09.2022 तक प्रस्तुत करने के निर्देश पर कार्यदायी फर्म मे0 एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में अवशेष समस्त ग्रामो के विस्तृत प्राक्कलन प्रस्तुत कर दिये जायेगे। जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 30.09.2022 के बाद विस्तृत प्राक्कलनों को प्राप्त न किये जाने के निर्देश दिये गये। दिनांक 30.09.2022 तक अवशेष समस्त विस्तृत प्राक्कलन प्रेषित न किये जाने की दशा में इससे सम्बन्धित कर्मियों को हटाने के निर्देश कार्यदायी फर्म मे0एन0सी0सी0लि0 को दिये गये हैं।

कार्यदायी फर्म मे0एन0सी0सी0लि0 द्वारा वर्तमान तक कराये गये समस्त एफ0एच0टी0सी0 की सूचना निर्धारित प्रारूप पर गूगल शीट पर उपलब्ध कराने के निर्देश कार्यदायी फर्म को दिये गये। भविष्य में भी करायी जा रही एफ0एच0टी0सी0 की सूचना की फीडिंग उक्त गूगल सीट पर कराने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान तक करायी गयी प्रत्येक एफ0एच0टी0सी0 की कन्ज्यूमर सहित फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश टी0पी0आई0 मे0 सेन्सिस टेक लि0 को दिये गये। प्रत्येक एफ0एच0टी0सी0 की फोटों गूगल ड्राइव पर अपलोड करने के निर्देश दिये गये।

कार्यदायी फर्म मे0 एन0सी0सी0लि0 को टी0एण्ड0पी0 व श्रमिकों की संख्या में वृद्धि करते हुए स्वीकृत हुए समस्त योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ करने व तीव्र गति से कार्य करने के निर्देश दिये गये। फर्म को प्रधानो से समन्वय स्थापित करते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध श्रमिकों के माध्यम से अधिक से अधिक एफ0एच0टी0सी0 कराने के निर्देश दिये गये।

30.09.2022

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

जिला कृषि अधिकारी/सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

जिला सूचना अधिकारी/सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी / सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता / सदस्य
शारदा नहर खण्ड–2
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता / सदस्य
ग्राउण्ड वॉटर, नलकूप खण्ड प्रथम, लखनऊ
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

प्रभागीय वन अधिकारी / सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

जिला विकास अधिकारी / सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

मुख्य विकास अधिकारी / सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

12/10/22
जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

पृ0सं0– 758 / W.30 / 848 दिनांक 12 / 10 / 2022

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।
5. जिला विकास अधिकारी, लखनऊ।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
7. अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड, (वि0 / यॉ0) जल निगम लखनऊ।
8. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड लखनऊ।
9. अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ, जल विभाग, लखनऊ।
10. प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ।
11. जिला पंचायती राज अधिकारी, लखनऊ।
12. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।
13. जिला कृषि अधिकारी लखनऊ।
14. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी लखनऊ।
15. सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, लखनऊ।
16. मेसर्स एन0सी0सी0लि0, लखनऊ / हैदराबाद।

12/10/22
जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ